

# गौरवशाली परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है गौरव दिवस : राधा

## धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन का सबसे बडा केन्द्र होगा मैहर : गणेश, गौरव दिवस की सांस्कृतिक संध्या में प्रतिभागियों को पुरूस्कार वितरित

नवभारत न्यूज

**सतना 5 अक्टूबर. मैहर जिले के गठन की द्वितीय वर्षगांठ पर रविवार को आयोजित गौरव दिवस की सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में सहभागिता करने वाले उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया।**







मैहर जिले का गौरव दिवस अमरपाटन, रागनगर, मैहर सहित पूरे जिले में बडे ही धूमधाम से मनाया गया। मैहर शहर के उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में गौरव दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि गौरव दिवस मनाने का फैसला हमारी सरकार का है। गौरव दिवस हमारी गौरवशाली परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि सरकार के निर्णय अनुसार जिले के साथ नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत सहित सभी संस्थाओं द्वारा अपना गौरव दिवस मनाया जाता है। मैहर जिला धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन का केन्द्र होने के साथ ही सीमेंट उत्पादन का औद्योगिक जिला भी है। मैहर के गौरव दिवस पर 4 और 5 अक्टूबर को खेलकूद, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक कार्यक्रम मैहर, अमरपाटन और रामनगर में संपन्न हुए। गौरव दिवस के समापन संध्या पर अलाउद्दीन खां स्टेडियम में छात्र-छात्राओं एवं जिला स्तर के प्रतिभागियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि गौरव दिवस के दिन संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का शिलान्यास हुआ है और इसी दिन मां शारदा देवी के चरणों में साढे 3 किमी लम्बी चूनर यात्रा समर्पित की गई है। मैहर के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है। जब इस चूनर यात्रा को एशिया बुक ऑफ दा रिकार्ड में दर्ज किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद ने कहा कि मां शारदा की सिद्ध स्थली अलाउद्दीन खां का संगीत, मैहर का बैण्ड पूरी दुनिया में विख्यात है। इसके साथ ही मैहर जिले का व्हाइट टाइगर सफारी, बाणसागर का बांध और मार्कण्डेय घाट हमारे क्षेत्र के गौरव को बढाते हैं। इसके अलावा यहां के सीमेंट उद्योग, कैमूर की पहाडी, त्रिकूट पर्वत एक अद्भुत दृश्य प्रकट करते है। आगामी समय में मां शारदा लोक का निर्माण, चित्रकूट में वनवासी राम लोक, रामपथ गमन मार्ग के निर्माण होने से यह क्षेत्र धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन का बहुत बडा केन्द्र बनेगा।

### कोलकाता के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में 10 साल से कम उम्र के बच्चों का रैम्प वाक, विद्यालय एवं महाविद्यालय की छात्राओं का पारंपरिक लोक नृत्य एवं सास्कृतिक नृत्य पर आधारित नृत्य नाटिका के अलावा कोलकाता के सुप्रसिद्ध कलाकार सुदीप गुप्ता एवं टीम द्वारा डाल्स थियेटर की प्रस्तुति दी गई। प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह, सांसद गणेश सिंह और विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के साथ अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर मैहर के गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित फूड फेस्टीवल के स्टाल का निरीक्षण कर व्यंजनों का रसास्वादन भी किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, जिला पंचायत की वन समिति के सभापति हरीशकांत त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य जयंती महेश तिवारी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित बडी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिक गण उपस्थित थे।

# संघ प्रमुख डा. भागवत शाम को हुए रवाना

## रेलवे स्टेशन की सुदृढ़ रही सुरक्षा व्यवस्था,विशेष बल घेरे में लिए रहा

नवभारत न्यूज

**सतना 5 अक्टूबर.राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक डा. मोहन भागवत रविवार की शाम 6 बजे रीवा-इतवारी से नागपुर के लिए रवाना हुए.**



उल्लेखनीय है कि डा. भागवत अपने दो दिवसीय विन्ध्य प्रवास पर शनिवार को सुबह मैहर रेलवे स्टेशन में उतरे थे जहां से उन्होंने मां शारदा के दर्शन पूजन पश्चात दोपहर करीब 11 बजे के आसपास सतना की सीमा में प्रवेश किया. दो दिन के प्रवास के दौरान संघ प्रमुख के लिए उतैली स्थित सरस्वती विद्या पीठ को सुरक्षा की दृष्टि से निवास स्थल बनाया गया था. रविवार को भी जब वे सतना से वापस रवाना हुए तब भी उन्हें मजबूत सुरक्षा घेरे के बीच रेलवे स्टेशन पहुंचाया गया.इस दौरान संघ के कुछ स्थानीय वरिष्ठ स्वयं सेवको के अतिरिक्त कोई नजर नहीं आया. बताया गया है कि ट्रेन आने के 20 मिनट पहले उन्हें उतैली से रेलवे स्टेशन पहुंचाया गया. वे जब स्टेशन पहुंचे तो ट्रेन प्लेट फार्म पर लग चुकी थी.

# अमृत कालोनी के सूने घर का ताला तोड़ आभूषण कपड़े चुराए

नवभारत न्यूज

**सतना 5 अक्टूबर. कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के भरहुत नगर क्षेत्र की अमृत कालोनी में अज्ञात चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे आभूषण और कपड़े पार कर दिए. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बारी कला हल्का में बतौर पटवारी पदस्थ रामशिरामणि डोहर का घर शहर के भरहुत नगर क्षेत्र के पीछे स्थित अमृत कालोनी में है. अवकाश होने के कारण रामशिरोमणि अपनी पत्नी के साथ अपने गृह ग्राम मोहनयिा कोटर चले गए थे. सूने घर का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया. रविवार की सुबह जब पड़ोसियों ने घर के दरवाजे का ताला टूटा देखा तो मामले की सूचना रामशिरोमणि को दी. घटना की सूचना मिलने पर जब रामशिरोमणि की बेटी घर पहुंची तो देखा कि घर के दोनों गेट के ताले टूटे हुए हैं. अंदर पहुंचने पर एक ओर जहां आलमारी खुली हुई थी. वहीं दूसरी ओर सारा सामान जहां तहां बिखरा मिला. वहीं आलमारी में रखे सोने-चांदी आभूषण और कीमती कपड़े नदारद मिले. जिसे देखते हुए घटना की सूचना पुलिस को दी गई.

### पहले से थी नजर

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही आस पास के लोगों से पूछताछ की. जिसके जरिए यह जानकारी सामने आई कि कुछ संदिग्ध लोगों द्वारा घर की गतिविधियों पर पहले से नजर रखी जा रही थी. जिसे देखते हुए पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य तरीकों से चोरों की जानकारी जुटाने का प्रयास शुरु कर दिया.

# कार की टक्कर से स्कूटी सवार भाई-बहन घायल

▸ एसडीओपी कार्यालय नागौद के सामने हुई घटना

नवभारत न्यूज

**सतना 5 अक्टूबर. जिले के नागौद क्षेत्र ममें एसडीओपी कार्यालय के सामने कार की टक्कर लगने से स्कूटी सवार भाई-बहन बुरी तरह घायल हो गए. जहां पर प्रारंभिक उपचार के बाद घायलों को जिला चिकित्सालय सतना रेफर कर दिया गया.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार नागौद निवासी राजललन बागरी की पुत्री कृष्णा बागरी अपने भाई राज के साथ स्कूटी पर सवार होकर ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रही थी. बताया गया कि जैसे ही उनकी स्कूटी एसडीओपी कार्यालय के सामने पहुंची वैसे ही सामने से आ रही एक कार ने बुरी तरह टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी कार के अगले हिस्से में फंसकर क्षतिग्रस्त हो गई. वहीं स्कूटी सवार भाई बहन बुरी तरह घायल हो गए. घटना होती देख आस पास मौजूद लोगों ने आनन-फानन में घायल कृष्णा और राज को उपचार के लिए नागौद स्थित अस्पताल पहुंचाया. जहां पर प्रथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को देखते हुए आगे के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सतना के लिए रेफर कर दिया गया. जिला चिकित्सालय में दोनों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है. वहीं स्थानीय लोगों द्वारा घेर लिए जाने के चलते कार चालक भागने में कामयाब नहीं हो सका. जिसके चलते पुलिस द्वारा कार को जब्त करने के साथ ही आरोपी कार चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य आज सतना आयेंगे

**सतना 5 अक्टूबर.** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य श्री प्रियांक कानूनगो 6 अक्टूबर को सतना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार सदस्य प्रियांक कानूनगो दोपहर 1 बजे सतना पहुंचकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं संबंधित जिला, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। सदस्य प्रियांक कानूनगो सायं 5 बजे चित्रकूट पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। प्रवास के दूसरे दिन 7 अक्टूबर को सदस्य प्रियांक कानूनगो चित्रकूट में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# नहर में बहता मिला वृद्ध का शव

## रामपुर बघेलान के नेमुआ की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना 5 अक्टूबर. जिले के रामपुर बघेलान थाना अंतर्गत नेमुआ गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब पुरवा नहर में एक वृद्ध का शव बहता दिखाई दिया. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है.**

रामपुर बघेलान थाने से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को पुलिस को नहर में शव होने की सूचना मिली. जिसके आधार पर मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने पाया कि ग्राम नेमुआ से गुजरने वाली पुरवा नहर में कंपोजिट शराब की दुकान के बगल में एक व्यक्ति का शव बह रहा था. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा शव को नहर से बाहर निकलवाया गया. आस पास मौजूद लोगों से पूछताछ करने पर वहां पर मौजूद कोई भी व्यक्ति मृतक को पहचान नहीं सका. मृतक की उम्र 70 से 75 वर्ष के बीच बताई गई. पहचान नहीं होने के कारण पंचनामा करने के बाद शव को रामपुर बघेलान स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मर्चुरी के लिए भेज दिया गया. पुलिस द्वारा मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है.

# स्वास्थ्य शिविर में 60 महिलाओं का परीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना, 5 अक्टूबर. भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा ( 17 सितंबर से 02 अक्टूबर ), आठवां पोषण आहार माह एवं स्वस्थ आहार ( ईट राइट ) अभियान के तहत दिनांक 30 सितंबर 2025 को ग्राम पंचायत रैगांव, ब्लॉक सोहावल में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया।**



यह शिविर ए.के.एस. विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर इंजी. अनंत सोनी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से महिला विकास प्रकोष्ठ (डब्ल्यू.डी.सी.), राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई ए.के.एस. विश्वविद्यालय तथा स्वास्थ्य विभाग, जिला सतना के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ।शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान एवं उनके समाधान को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान 60 से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें रक्तचाप (ब्लड प्रेशर), रक्त शर्करा स्तर (शुगर लेवल) एवं अल्परक्तता (एनीमिया) की जांच प्रमुख रूप से की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं को संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं समय पर उपचार की महत्ता के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अपर्णा (स्त्री रोग विशेषज्ञ, सतना), छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर महेंद्र कुमार तिवारी, डॉ. प्रियंका बागरी (निदेशक, महिला विकास प्रकोष्ठ), श्रीमती सोनल राहुल सिंह (सरपंच, रैगांव) एवं डॉ. आशीष त्रिपाठी (प्रभारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रैगांव) की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया एवं उपस्थित महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका बागरी (निदेशक, महिला विकास प्रकोष्ठ) ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य ही परिवार की शक्ति है।

# शरदोत्सव आज से 8 तक चित्रकूट में

**सतना 5 अक्टूबर.** जिला प्रशासन सतना, दीन दयाल शोध संस्थान चित्रकूट के सहयोग से संस्कृति संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा बहुवर्णी कलाओं का उत्सव शरदोत्सव इस बार 6 से 8 अक्टूबर 2025 तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से उद्यमिता विद्यापीठ दीनदयाल परिसर चित्रकूट सतना में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर श्रीराम राजा सरकार श्रीराम के छत्तीस गुणों का चित्र कथन प्रदर्शनी और संकट मोचन श्री हनुमान चालीसा आधारित प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। तीन दिवसीय सांस्कृतिक संध्या में प्रथम दिवस 6 अक्टूबर को पवन तिवारी एवं साथी टीकमगढ का भक्ति गायन और संजय महाजन एवं साथी बडवाह द्वारा श्री लीला महारास नाट्य प्रस्तुति दी जायेगी।



# ओमकार दास गुप्ता को दी गई श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**सतना, 5 अक्टूबर. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकार परिवार समिति के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुसार परिवार समिति जिला सतना के तत्वावधान में उमेश कुमार गुप्ता इन्जीनियर संग्राम कालोनी के निज निवास में उनके पूज्य पिता स्वर्गीय ओमकार दास गुप्ता की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया।**

तत्पश्चात उनके के बडे पुत्र दिनेश चंद्र गुप्ता द्वारा उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम को अतिथि गणो ने संबोधित किया परिवार समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ,प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती ममता पांडेय ,प्रदेश महासचिव अरुण प्रताप सिंह ,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य धर्मेंद्र सिंह देवरा, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ,राकेश मिश्रा , विश्वनाथ सोनी ,अशोक गौतम ,श्रीराम दुबे, अभय नामदेव, श्रीप्रकाश गौतम ,राजधर पांडेय, गया प्रसाद पांडेय, मुन्नी लाल पांडेय , सोभित गोयल, श्रीमती शुषमा गुप्ता श्रीमती किशोरी गुप्ता पी डी सिंह ,आइबी सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रगान किया यह जानकारी जिला महासचिव कृष्णेन्द्र सिंह ने दी।

## एक नजर में




### अस्तित्व महिला सशक्तिकरण ने की मां जगदंबे की आरती

**सतना।** अस्तित्व महिला सशक्तिकरण एवं संरक्षण संस्था द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष में संयोजिका मोना चोपड़ा के नेतृत्व में एवं सह संयोजिका एवं मार्गदर्शक सुनीता सचदेवा, राखी होतचांदानी, लता केजरीवाल के उचित मार्गदर्शन में मां जगदंबे की आरती का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रुप की सभी मातृ शक्तियों रंग-बिरंगे परिधानों में सज धज कर आई मां के भजन और नृत्य के साथ-साथ मां जगत जननी जगदंबे की महा आरती करके मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया ।संचालक मंडल के सदस्य किरण जयसवाल, रचना गुप्ता एवं साधना गुप्ता ने बताया कि अस्तित्व ग्रुप हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य करता है और सभी महिलाएं मां दुर्गा का रूप है और सभी अपनी शक्ति को जाने और अपने अस्तित्व को पहचाने और समाज में परिवार में अपना एक मुकाम हासिल करें। मां की आरती में जानवी त्रिपाठी आशा शुक्ला ,मंजूषा शाह ,पूजा चतुर्वेदी अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और मा की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में नीतू जैन सुधा सविता, सुधा नामदेव ,अनीशा ओबेरॉय ,मधु रामरायका, ऊषा गुप्ता भाविका जसोबा की उपस्थिति सराहनीय रही

### चित्रांश युवा महोत्सव का आयोजन 26 को

**सतना.** कायस्थ समाज के बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य को लेकर 26 अक्टूबर दिन रविवार का बूटीबाई स्कूल के प्रांगण में कायस्थ समाज द्वारा आयोजित चित्रांश युवा महोत्सव में प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मानित किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष दीपक निगम ने बताया कि कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन के लिए गठित ब्लॉक इकाई सोहावल के अध्यक्ष पद पर बृजेश पिंकी निगम को नियुक्त किया गया है ।चन्द्र कुमार निगम कोरागवा, अनिल संजू निगम, उमेश निगम, राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है जबकि, रुद्रकान्त निगम मुड़हा, प्रदीप कुमार निगम, कोरागवा, राजेश खरे सोहावल को महामंत्री बनाया गया हे वहीं संजय श्रीवास्तव, रजनीश निगम, जय प्रकाश निगम को संगठन सचिव का दायित्व सौंपा गया है ।वरिष्ठ पदाधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार श्रीवास्तव, रावेन्द्र बब्लू श्रीवास्तव, प्रखर श्रीवास्तव, जीतेन्द्र कुमार, सतीश निगम का नव नियुक्त पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया।



# जिले में बिक रहे फायर आर्म्स के मामलों में सोर्स तक पहुंचें : हंसराज

## पुलिस कप्तान ने की जिले भर के अपराधों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सतना 5 अक्टूबर. जिले भर में घटित अपराधों की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने मातहत अमले को स्पष्ट निर्देश दिए कि फायर आर्म्स के मामलों में पुलिस उन सोर्स तक भी पहुंचे जहां से हथियार मिले हैं. इसके साथ ही एसपी ने निर्देश दिए कि जिला बदर के लोगों के घरों पर जानकारी चस्पा कराई जाए, जिससे अपराधी लज्जित महसूस करें.**



पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने रविवार को जिले के सभी थाना प्रभारियों की क्राइम मीटिंग बुलाई. इस दौरान जिले में घटित अपराधों की समीक्षा करने के साथ ही अपराध नियंत्रण को लेकर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए. बैठक में एसपी सहित एएसपी शहर शिवेश सिंह बघेल, एएसपी देहात प्रेमलाल कुर्वे, रक्षित निरीक्षक श्रीमती देविका सिंह बघेल, सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह, डीएसपी यातायात संजय खरे के साथ-साथ डीएसपी मुख्यालय व एसडीओपी नागौद भी उपस्थित रहे.

बैठक के दौरान हाल ही में शहर के टिकुरिया टोला में हुए गोलीकाण्ड का मामला सामने आया. जिस पर एसपी ने कहा ऐसे मामलों में फायर आर्म्स की कार्रवाई की जाए और पुलिस उन सोर्स तक भी पहुंचे जहां से हथियर मिले हैं. जिन लोगों पर 5 से अधिक अपराध हैं उनकी जिला बदर की प्रक्रिया शुरु की जाए. इसी कड़ी में एसपी ने कहा कि जिला बदर लोगों के घरों में जाकर इसकी जानकारी चस्पा कराई जाए. जिला बदर की जानकारी चस्पा होने पर अपराधी लज्जित महसूस करेगा. इसके साथ ही एसपी ने मातहत अमले को निर्देश दिए कि शराब दुकानों की औचक जांच भी की जाए.

### बीट सिस्टम का प्रतिदिन पालन

उपराध समीक्षा के दौरान एसपी ने निर्देश दिए कि प्रतिदिन बीट सिस्टम का पालन सुनिश्चत किया जाए. रात्रि गश्त नियमित रुप से की जाए. वहीं आगामी त्योहारों को देखते हुए अरेस्ट/रिकवरी के लिए विशेष प्रयास किए जाएं. शाम के समय पैदल गश्त हो और वाहनों की जांच को और अधिक प्रभावी बनाया जाए. इसके साथ ही एसपी ने खुले में नशा करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए.